पु•ना International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

# Grade -V

# HINDI

# Specimen copy

# Year- (2022-23)

# पाठ-1 राख की रस्सी

**कठिन शब्द**

1. लोनपो गार
2. तिब्बत
3. बत्तीसवें
4. सौनगवसैन
5. हाजिर ज़वाबी
6. मशहूर
7. होशियार
8. समस्या
9. धूमधाम
10. समझदारी

| **शब्द** | - | **अर्थ** |
|---|---|---|
| 1. भोला | - | सीधा-साधा,सरल |
| 2. बुद्धू | - | बेवकूफ |
| 3. निराश | - | हताश |
| 4. चालाक | - | चतुर,धूर्त |
| 5. हल | - | उत्तर, सवाल का जवाब |
| 6. तरीका | - | उपाय, काम करने का ढंग |
| 7. होशियार | - | समझदार,कुशल |
| 8. रवाना | - | किसी जगह भेजना |

**व्याकरण**

दिनेश - व्यक्ति

पुस्तक - वस्तु

अहमदाबाद - स्थान

शक्ति - भाव

**संज्ञा की परिभाषा-** किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।

**जैसे-** दिनेश, रमेश, अलमारी, ताजमहल, पूना, गोवा, बुढ़ापा, बचपन आदि।

**संज्ञा**

**व्यक्तिवाचक संज्ञा** | **जातिवाचक संज्ञा** | **भाववाचक संज्ञा**

**1. व्यक्तिवाचक संज्ञा -** वे शब्द जो किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान की पहचान करवाते हैं, उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं।

**जैसे-** रविंद्रनाथ टैगोर,रामायण,जयपुर आदि।

**2. जातिवाचक संज्ञा -** वे शब्द जो पूरी जाति की पहचान करवाते हैं, ऐसे शब्दों को जातिवाचक संज्ञा कहते हैं।

**जैसे-** वृक्ष, शेर, लड़की, बर्तन, बचपन आदि।

**3. भाववाचक संज्ञा -** वे शब्द जो केवल भाव का ही ज्ञान करवाते हैं, उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं।

**जैसे -** मिठास, ममता, सुंदरता आदि।

## पाठ का सारांश-

पाठ में मंत्री का बेटा बहुत भोला था। पिता इससे चिंतित रहते थे। वे एक दिन सौ पेड़ों के साथ अपने पुत्र को शहर भेजा और कहा इससे- "इससे सौ बोरा जौ लाना।" शहर में एक तीव्र बुद्धि वाली लड़की लड़के की मदद करती है। लड़की की बुद्धि से प्रभावित होकर पिता ने अपने पुत्र का विवाह उस लड़की से कर दिया।

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न**

प्रश्न-1 तिब्बत के बत्तीसवें राजा कौन थे?

उत्तर- सौनगवसैन।

प्रश्न-2 तिब्बत के मंत्री को क्या चिंता थी?

उत्तर- बेटे का भोलापन।

प्रश्न-3 तिब्बत के मंत्री किससे हार गए?

उत्तर- तीव्र बुद्धि वाली लड़की से।

प्रश्न-4 मंत्री ने अपने बेटे को कितनी बार शहर भेजा?

उत्तर- दो बार शहर भेजा।

प्रश्न-5 तिब्बत के मंत्री का नाम क्या था?

उत्तर- लोन गार।

**लघु उत्तरीय प्रश्न**

प्रश्न-1 मंत्री ने पहली बार अपने बेटी को शहर क्यों भेजा?

उत्तर- मंत्री ने पहली बार अपने बेटी को शहर से सौ बोरा जौ लाने के लिए भेजा।

प्रश्न-2 मंत्री ने दूसरी बार अपने बेटे को शहर क्यों भेजा?

उत्तर- मंत्री ने दूसरी बार अपने बेटे को शहर इसलिए भेजा क्योंकि उसने अपना काम स्वयं नहीं किया था बल्कि लड़की से करवाया था।

प्रश्न-3 मंत्री ने तीसरी बार अपने बेटे को शहर क्यों भेजा?

उत्तर- मंत्री ने तीसरी बार अपने बेटे को शहर इसलिए भेजा ताकि वह लड़की से नौ हाथ लंबी राख की रस्सी बनाने के लिए कह सके।

प्रश्न- 4 पहली पहेली को लड़की ने कैसे हल किया?

उत्तर- पहली पहेली का जवाब लड़की ने भेड़ों के बाल उतारकर उसे बाजार में बेचकर किया।

**लेखन कौशल-**

गेहु ऐसा खाद्य पदार्थ है जिससे ब्रेड, दलिया, पराठे, बिस्कुट, पास्ता, पीजा, नूडल्स, पेस्ट्री, सूजी, केक, कुकीज, डोनट्स और सबसे पसंदीदा पूड़ी बनाया जा सकता है।

जौ, मक्का और दाल से बनने वाली चीजों के नाम लिखिए।

## ➢ क्रिया-कलाप

भेड़ का चित्र बनाकर उसके फिर से बनने वाली चीजों के नाम लिखिए।



# पाठ- 2 फसलों का त्योहार

**कठिन शब्द**

1. बोरसी
2. चाँपाकल
3. खिड़की
4. मचिया
5. प्रमाण
6. फ़रमाइश
7. तमिलनाडु
8. संक्रांति
9. फसल
10. झारखंड

**शब्द - अर्थ**

1. आस - आशा, उम्मीद
2. फरमाइश - इच्छा, चाहत
3. जश्न - उत्सव
4. हांक - आगे भेजना
5. इज़हार - मन की बात कहना
6. सैलाब - अधिक, ज्यादा मात्रा में
7. साल - एक वृक्ष का नाम
8. कनकनाना - बहुत ज्यादा ठंडा

# ➢ व्याकरण

**भाषा और व्याकरण**

राम : राम तुम क्या कर रहे हो?

श्याम: मैं खेलने जा रहा हूँ।

राम : चलो मैं भी तुम्हारें साथ खेलता हूँ।

ऊपर दिए गए संवाद में राम और श्याम के बीच बातचीत चल रही है। यहा पर दोनों बोलकर अपने-अपने मन की बात कह रहे हैं। यह मौखिक भाषा है। मौखिक भाषा को जब हम लिख देते हैं तो वह लिखित भाषा कहलाती है।

**भाषा की परिभाषा-**

भाषा के माध्यम से हम अपने भाव और विचारों को एक-दूसरे तक पहुंचाते हैं, उसे भाषा कहते हैं।

**मातृभाषा-** बच्चा जिस भाषा को अपने माता-पिता तथा घर के सदस्यों से सीखता है, उसे मातृभाषा कहते हैं।

भाषा के मुख्य दो रूप हैं।

भाषा

**मौखिक भाषा** **लिखित भाषा**

1. **मौखिक भाषा-** मुह से बोली गई बात और सुनकर समझी गई बात मौखिक भाषा कहलाती है।
2. **लिखित भाषा-** जब हम लिखकर अपनी बात दूसरों तक पहुंचाते हैं, उसे लिखित भाषा कहते हैं।

**विभिन्न भाषाएं-**

दुनिया में अनेक भाषाएं बोली जाती हैं। जैसे- भारत में हिंदी, चीन में चीनी, जापान में जापानी।

भारत के अलग-अलग प्रदेशों की भाषाएं-

**राज्य - भाषा**

1. उड़ीसा - उड़िया
2. कश्मीर - कश्मीरी
3. पंजाब - पंजाबी
4. गुजरात - गुजराती
5. महाराष्ट्र - मराठी
6. मलयालम - आंध्र प्रदेश
7. तमिलनाडु - तेलुगु
8. कर्नाटक - कन्नड़
9. पश्चिम बंगाल - बांग्ला
10. तमिलनाडु - तमिल

## पाठ का सारांश

पाठ में भारत देश में मनाए जाने वाले फसलों के त्योहार की जानकारी दी गई है। बिहार तथा उत्तर-प्रदेश में मकर संक्रांति, झारखंड में सरहुल, तमिलनाडु में पोंगल तथा कुमाऊं में घुघुतिया का पर्व मनाया जाता है। असल में इसी दिन बिहू का त्योहार धूमधाम से मनाते हैं।

इस प्रकार संक्राति देश के सभी राज्यों में बहुत जोश के साथ मनाया जाता है। इस दिन लोग चावल, दाल की खिचड़ी खाते हैं। बिहार में दही-चूड़ा और दक्षिण में चावल, दूध और गुड़ की खीर बनाते हैं।

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न**

प्रश्न-1 गुजरात में मकर संक्रांति कैसे मनाया जाता है?

उत्तर- पतंग उड़ा कर।

प्रश्न-2 बिहू का त्योहार कहा मनाया जाता है?

उत्तर- असम में।

प्रश्न-3 आदिवासी आमतौर पर किसकी पूजा करते हैं?

उत्तर- प्रकृति की।

प्रश्न-4 14 जनवरी को भारत में किसका त्यौहार मनाया जाता है?

उत्तर- फसलों का त्योहार मकर संक्रांति।

**लघु उत्तरीय प्रश्न**

प्रश्न-1 मकर संक्रांति के दिन लोग क्यों खुश होते हैं?

उत्तर- मकर संक्रांति के दिन लोग नए फैसलों के आने तथा ठंड कम होने की खुशियाँ मनाते हैं।

प्रश्न-2 मकर संक्रांति के दिन लोग क्या खाते हैं?

उत्तर- मकर संक्रांति में उत्तर-प्रदेश में खिचड़ी और बिहार में दही-चूड़ा खाते हैं तथा दक्षिण भारत में गुड़ की खीर घर के बाहर बनाकर खाते हैं।

प्रश्न-3 फसलों से जुड़े त्यौहार किस समय मनाया जाता है?

उत्तर- फैसलों से जुड़े त्यौहार जनवरी माह के मध्य में भारत के सभी प्रांतों में मनाया जाता है।

प्रश्न-4 'पोंगला-पोंगल' का अर्थ क्या है?

उत्तर- 'पोंगला-पोंगल' का अर्थ है- जब नए चावल, दूध और गुड़ बर्तन में डालकर खीर बनाते हैं और जब दूध में उफान आता है, तो उसी को पोंगला-पोंगल कहते हैं।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न**

प्रश्न-1 झारखंड में सरहुल का त्यौहार कैसे मनाया जाता है?

उत्तर- झारखंड में सरहुल बड़े जोर से मनाया जाता है। इस दिन विशेष रूप से साल के पेड़ की पूजा की जाती है तथा स्त्री-पुरुष दोनों ही ढोल-मंजारे लेकर गाँव में रात भर नाचते-गाते हैं। दूसरे दिन चंदा माँगते हैं। चंदा में मुर्गा, चावल और मिश्री मांगकर खाने-पीने और खेलने का दौर चलता है।

**लेखन कौशल**


भारत त्योहारों का देश है। यहां अनेक प्रकार के त्योहार मनाए जाते हैं। त्योहारों से हमें खुशियाँ मिलती है। हम एक-दूसरे के घर मिलने जाते हैं।

आपको इसमें से जो त्यौहार पसंद हो, उस पर पाँच-छः वाक्य लिखिए।

होली,     दीपावली,     रक्षाबंधन

**क्रिया-कलाप**

पतंग बनाकर उसमें अलग-अलग रंग भरिए तथा उन रंगों के नाम लिखिए



## पाठ- 3 खिलौनेवाला

लेखिका- सुभद्रा कुमारी चौहान

**कठिन शब्द**

1. सीटी
2. गुड़िया
3. तलवार
4. साड़ी
5. ताड़का
6. तपस्वी
7. असुर
8. कौशल्या
9. रामचंद्र
10. मोटरगाड़ी
11. रेलगाड़ी

| **शब्द** | - | **अर्थ** |
|---|---|---|
| 1. भोली-सी | - | अच्छी-सी |
| 2. मचल-मचल | - | उछल-उछल कर |
| 3. चार पैसे | - | पच्चीस (25) पैसे |
| 4. विचार | - | सोचो |
| 5. ताड़का | - | एक राक्षसी का नाम |
| 6. तपसी | - | तपस्या करने वाले |
| 7. असुरों | - | राक्षसो |

**व्याकरण**

**निम्नलिखित लोगों से आप क्या खरीदोगें?**

1. कुँजडिन - सब्जी
2. कुँम्हार - मटका
3. पनवाड़ी - पान
4. ग्वालिन - दूध

**वर्ण विच्छेद**

केला = क्+ए+ल+आ


सड़क = स्+अ+ड्+अ+क्+अ

शेर = श्+ए+क+र्+अ

मुँह से निकलने वाली आवाज को **ध्वनि** कहते हैं।

**ध्वनि-** मौखिक भाषा की सबसे छोटी इकाई ध्वनि होती है। इन ध्वनियों के लिखने के चिन्ह को वर्ण कहते हैं।

**वर्ण**- भाषा की सबसे छोटी इकाई वर्ण कहलाती है तथा इसके और टुकड़े नहीं किए जा सकते है वर्ण दो प्रकार के होते हैं-




**स्वर**- अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ

जिन वर्णों का उच्चारण बिना किसी अन्य ध्वनि की सहायता से होती है, उसे स्वर कहते हैं। **अं** और **अ:** स्वर न होकर संयुक्त धनियाँ है। इन्हें स्वर नहीं कहते है।

**आगत स्वर-** हिंदी में अंग्रेजी के भी अनेक शब्द आ गए हैं। इसे आगत स्वर कहते हैं।

**जैसे**- डॉक्टर, नॉलेज, बॉल, डॉल, कॉफी, फॉर्म आदि।

**अनुस्वार**- (ं) अनुस्वार का उच्चारण नाक से होता है।

**जैसे** - बंदर, अंग, हंस, रंग, शंख, कंठ, गंगा, बंद आदि।

**अनुनासिक**- (ँ) अनुनासिक का उच्चारण नाक और गले से होता है। इसे **चंद्रबिंदु** भी कहते हैं।

जैसे - चाँद, मुँह, गाँव, पूँछ, पाँच, घुँआ आदि।

**अः** (विसर्ग) विसर्ग को वार्ण के आगे दो बिंदुओं (:) के रूप में लगाया जाता है।

**जैसे-** प्रातः, प्रायः, नमः, अतः आदि।

**व्यंजन-** जिन वर्णों का उच्चारण स्वरों की सहायता से किया जाता है, उन्हें व्यंजन कहते हैं।

क ख ग घ ङ

च छ ज झ ञ

ट ठ ड ढ ण

त थ द ध न

प फ ब भ म

य र ल व

श ष स ह

क्ष त्र ज्ञ श्र (संयुक्त व्यंजन)

कुछ अन्य वर्ण- ड़, ढ़, ज़, फ़ आदि।

**संयुक्त व्यंजन**- ये दो व्यंजनों से मिलकर बनते हैं।

क्ष = क्+ष्+अ (कक्षा, क्षमा)

त्र = त्+र्+अ (पात्र, त्रिभुज)

ज्ञ = ज्+ञ्+अ (ज्ञान, संज्ञा)

श्र = श्+र्+अ (श्रम, श्रमिक)

**'र' के विभिन्न रूप-**

र =  र्+अ (अमर, पत्थर, रजनी, रमन)

 = र्+अ (नम्र, क्रम, उम्र, प्रकाश)

 = र् (पर्व, धर्म, गर्व, सूर्य)

 = र्+अ (राष्ट्र, ट्रक, ड्राइवर, ट्रेन)

**नुक्ता चिन्ह-**

**क़ ख़ ग़ ज़ फ़** की ध्वनियाँ विदेशी है। इन ध्वनियों का प्रयोग अरबी, फ़ारसी, अंग्रेजी आदि भाषाओं के शब्दों के साथ होता है।

**ग़ ज़ फ़** आदि वर्णों के नीचे लगने वाली बिंदु को नुक्ता करते हैं। इनका उच्चारण क, ख, ग, ज,फ आदि से भिन्न होता है।

**वर्णमाला-** वर्णों के व्यवस्थित क्रम को वर्णमाला कहते हैं।

**शब्द-** शब्द वर्णो के सार्थक मेल से बनते हैं।

**जैस-** र+आ+म्+अ = राम

श्+ए+क+र्+अ = शेर

**वाक्य**- शब्दों के सार्थक समूह को वाक्य कहते हैं।

**जैसे**- सुमित पड़ता है।

अमन खाता है।

**भावार्थ-**

पाठ में एक बच्चा अपनी माँ को खिलौनेवाले के बारे में बताता है। खिलौनेवाला खूब सुंदर-सुंदर खिलौने लाता है। जिसमें गेंद, तोता, छोटी-सी मोटर गाड़ी, सिटी, चाबी से चलने वाली रेल, गुड़िया, टी-सेट, लोटा-थाली, धनुष-बाण, तलवार, तीर-कमान भी लाता है। जिसे देखकर

बच्चें खुश हो जाते हैं। बच्चा माँ से कहता है कि मैं बड़ा होकर तुम्हारे कहने पर वन चला जाऊँगा और ताड़का जैसी राक्षसी को राम के समान मार गिराऊँगा।

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न**

प्रश्न-1 बालक रावण को मारने के लिए क्या बनना चाहता है?

उत्तर- रामचंद्र।

प्रश्न-2 कौशल्या कौन थी?

उत्तर- राम की माँ।

प्रश्न-3 ताड़का कौन थी?

उत्तर- एक राक्षसी।

**लघु उत्तरीय प्रश्न**

प्रश्न-1 सरला अपनी माँ से खिलौनेवाले से क्या लेने के लिए करती है?

उत्तर- सरला अपनी माँ को खिलौनेवाले से साड़ी लेने के लिए कहती है।

प्रश्न-2 माँ ने बालक को खिलौने खरीदने के लिए कितने पैसे दिए?

उत्तर- माँ ने बालक को खिलौने खरीदने के लिए चार पैसे दिए

प्रश्न-3 बालक कौन से खिलौने खरीदना चाहता है?

उत्तर- बालक तीर-कमान खरीदना चाहता है क्योंकि वह राम के समान बनकर ताड़का को मारना चाहता था।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न**

**प्रश्न-1 वन में जाने की बात सोचकर बालक किस दुविधा में पड़ गया?**

उत्तर- वन में जाने की बात सोचकर बालक इस दुविधा में पड़ गया कि जंगल से लौटकर वह कहाँ जाएगा और उसके रूठने पर उसे कौन बनाएगा?

**प्रश्न-2 खिलौनेवाला कौन-कौन से खिलौने बेचने लाया था?**

उत्तर- खिलौने वाला हरा-हरा तोता, गेंद, मोटर गाड़ी, सिटी, गुड़िया, टी-सेट, लोटा-थाली, धनुष-बाण, तीर-कमान, तलवार जैसे खिलौने बेचने लाया था।

**लेखन कार्य-**


आप बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं? अपने विचार पाँच से छः वाक्यों में लिखिए।

## या

श्री राम जी अपनी माँ के कहने पर हँसते-हँसते वन चले गए। आप अपनी माँ की कौन-कौन सी बात मानते हो? कोई चार लिखिए

**क्रिया-कलाप-**

गुडिया, धनुष-बाण और गेंद का चित्र बनाइए।





# पाठ-4 नन्हा फ़नकार

**कठिन शब्द**

1. संगतराश
2. नक्काशी
3. जालियाँ
4. इठलाकर
5. गुनगुनाना
6. इंतज़ार
7. बदहवासी
8. पहरेदार
9. खरगोश
10. इशारा
11. डिज़ाइन

| **शब्द** | **-** | **अर्थ** |
|---|---|---|
| 1. उकेरना | - | नक्काशी ककरना |
| 2. नफ़ीस | - | बढ़िया, सुंदर |
| 3. पुश्तैनी | - | कई पीढ़ियों से चले आना |
| 4. तल्खी | - | कड़वापन, कटुता |

5. मुआयना - जाँच-पड़ताल
6. जुर्रत - साहस
7. बदहवासी - घबराहट
8. फ़नकार - कलाकार
9. वयस्क - सयाना
10. सल्तनत- साम्राज्य

**व्याकरण**

**पर्यायवाची शब्द**

1. **मेघ** बरस रहे हैं।
2. **बादल** बरस रहे हैं।
3. **घन** बरस रहे हैं।

ऊपर दिए गए तीनों वाक्यों का अर्थ एक ही है क्योंकि मेघ, बादल, और घन एक ही शब्द के तीन अलग-अलग नाम है।

**परिभाषा**- समान अर्थ बताने वाले शब्दों को पर्यायवाची या समानार्थी शब्द कहते हैं।

| **शब्द** | | **पर्यायवाची शब्द** |
|---|---|---|
| 1. प्रकाश | - | प्रभाव, ज्योति, द्युत |
| 2. रात | - | निशा, रात्रि, रजनी |
| 3. पत्थर | - | पाषाण, अश्म, शिला |
| 4. पृथ्वी | - | धरा, वसुधा, भूमि |
| 5. समुद्र | - | सिंधु, सागर, जलनिधि |
| 6. सुगंध | - | सुरभि, खुशबू, सौरभ |
| 7. इच्छा | - | चाह, कामना, अभिलाषा |
| 8. पर्वत | - | पहाड़, गिरी, शैल |

9. नदी - सरिता, कटनी, निर्झरिणी

10. नौकर - सेवक, दास, चाकर

**विलोम शब्द-** किसी शब्द का विपरीत अर्थ बताने वाला शब्द विलोम शब्द या विपरीतार्थक शब्द कहलाते हैं।

कुछ विलोम शब्द नीचे दिए जा रहे हैं-

**शब्द - विलोम शब्द**

1. सुगंध X दुर्गंध
2. अग्रज X अनुज
3. अधिक X न्यून
4. अपना X पराया
5. आदर X निरादर
6. आदान X प्रदान
7. आशा X निराशा
8. उपस्थिति X अनुपस्थिति
9. आकाश X पाताल
10. क्रय X विक्रय
11. सज्जन X दुर्जन
12. पालतू X जंगली
13. दानी X कंजूस

14. उपकार X अपकार

15. ऊँचा X नीचा

**पाठ का सारांश**

केशव दस साल का लड़का था। वह अपने पिता के साथ पत्थर पर नक्काशी करता था। वह एक दिन नक्काशी कर रहा था तभी वहाँ अकबर घूमते-घूमते आए। बच्चे की लगन और मेहनत देखकर बादशाह अकबर उसकी खूब प्रशंसा करते है। अकबर उस बच्चे के साथ बैठकर नक्काशी भी सीखते हैं और उसकी तारीफ करते हैं। जब अकबर जा रहे थे तब उसने बच्चे की तरफ देखकर बोला- "तुम बड़े होकर एक कुशल फ़नकार बनोगे।" बच्चा अकबर की बात सुनकर बहुत खुश हो जाता है।

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न-**

प्रश्न-1 लड़के का क्या नाम था?

उत्तर- केशव।

प्रश्न-2 केशव की उम्र क्या थी?

उत्तर- दस साल।

प्रश्न-3 केशव क्या काम करता था?

उत्तर- पत्थरों से घंटियाँ बनाना।

प्रश्न-4 केशव से बात करने वाले आदमी का नाम क्या था?

उत्तर- अकबर।

प्रश्न-5 तेरह साल की उम्र में किसने क्या काम किया था?

उत्तर- अकबर ने तेरह साल में एक युद्ध किया था।

**लघु उत्तरीय प्रश्न-**

प्रश्न-1 केशव के माता-पिता पहले कहाँ रहते थे? वे आगरा किस लिए आए थे?

उत्तर- केशव के माता-पिता पहले गुजरात में रहते थे। वे काम की तलाश में आगरा आ गए थे।

प्रश्न-2  बादशाह केशव से क्या सीखना चाहते थे

उत्तर- बादशाह अकबर केशव से पत्थरों पर घंटियाँ बनाना सीखना चाहते थे।

प्रश्न-3 बादशाह अकबर सीकरी में नगर क्यों बना रहे थे?

उत्तर- बादशाह अकबर ख्वाज़ा सलीम चिश्ती के सम्मान में सीकरी में नगर बसाना चाहते थे।

**लेखन कार्य-**

क्या कहते हैं नीचे दिए गए शब्दों की सहायता से पूरा करो संगत मूर्तिकार चित्रकार मीना का पत्थर बेल बूटे बनाने वाले को संगतकार कहते हैं रंग-बिरंगे सितारे लगाने वाले को बिना कार्य करते हैं







*******